MEDIA REPORT

PUBLICATION : DAINIK JAGRAN

EDITION : BATHINDA

DATE : January 21, 2017 **PAGE NO.:**

दैनिक जागरण लुधियाना/बठिंडा, 21 जनवरी 2017

(1) – 6

आयोजन सामाजिक सुरक्षा विभाग की ओर से चलाए जा रहे चिल्ड्रन होम में कार्यक्रम करवाया

रिफाइनरी ने चिल्ड्रन होम को दिया जरूरत का सामान

जासं, बठिंडा : सामाजिक सुरक्षा विभाग की ओर से चलाए जा रहे चिल्ड्रन होम में आयोजित कार्यक्रम में एडीसी डॉ. शेना अग्रवाल बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं। इस दौरान रिफाइनरी की ओर से 2 लाख 70 हजार के दिए गए सामान को चिल्ड्रन होम को सौंपा गया।

बच्चों के साथ बातचीत में एडीसी शेना अग्रवाल ने कहा कि चिल्ड्रन होम में रह रहे बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ प्रशिक्षण देने के लिए भी प्रबंध किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का तकनीकी तौर पर शिक्षित होना अति आवश्यक है, ताकि पढ़ाई खत्म होने के उपरांत वह आर्थिक तौर पर मजबूत होने के लिए अपना काम खुद शुरू कर सकें। उन्होंने रिफाइरी अधिकारियों की तरफ से चिल्ड्रन होम के लिए दिए गए सामान के लिए सराहना की। जिला सामाजिक सुरक्षा अफसर नवीन गड़वाल ने बताया कि इस समय चिल्ड्रन होम में 7 से 18 साल की उम्र के 22 बच्चे रह रहे हैं। इनमें से 7 बच्चे देसराज सीनियर सेकेंडरी स्कूल और 13 बच्चे सरकारी एलीमेंट्री स्कूल चंदसर बस्ती में शिक्षा हासिल कर रहे हैं।

बठिंडा के चिल्ड्रन होम का जायजा लेतीं एडीसी शेना अग्रवाल • जागरण

उन्होंने बताया कि यह सेंटर पंजाब के 6 जिले बठिंडा, मानसा, फरीदकोट, मोगा, फिरोजपुर और मुक्तसर में बाल सुरक्षा अधिकारियों की देखरेख में चलाए जा रहे हैं। इस सेंटर में रह चुके चार बच्चे भारतीय फौज में भी भर्ती हो चुके हैं।

केंद्र और पंजाब सरकार की वित्तीय सहायता से ये सेंटर चलाए जा रहे हैं। रिफाइनरी के जनरल मैनेजर चरनजीत सिंह ने बताया कि रिफाइनरी की तरफ से चिल्ड्रेन होम में रह रहे बच्चों की सुविधा के लिए 10 साइकिल, आरओ, बैटरी इन्वर्टर, किताबें, अलमारियां, एलइडी लाइटस और कंबल आदि दिए गए हैं। रिफाइनरी के पीआरओ वाहेगुरू पाल सिंह और सीएसआर सन्दीप सिंह ने जिला सामाजिक सुरक्षा अफसर के साथ चिल्ड्रेन होम का दौरा किया।